उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

खुली निविदा संख्याः– 26642/07/2024–25
दिनांक : 14 नवम्बर, 2024

# निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों/बैठक में शामिल होने वाले प्रतिभागियों हेतु होटल में कमरों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित होटलों आदि की सेवायें उपलब्ध कराने वाली ऐजेन्सीज से दिनांक 21 नवम्बर, 2024 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे तक दो बोली प्रणाली में निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना परिषद (यूकॉस्ट) की वेबसाइट www.ucost.uk.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक निविदादाता विस्तृत निविदा सूचना को उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। जिन निविदादाताओं द्वारा परिषद की दिनाँक 07 सितम्बर, 2024 को खुलने वाली निविदाओं के अंतर्गत अपनी निविदायें प्रस्तुत की गयी हैंऔर उनकी निविदाओं को देय तिथि पर खोला नहीं गया है, उन्हें फिर से निविदा भेजने की आवश्कयता नहीं है। उनकी पुरानी निविदाओं को अब आमंत्रित निविदाओं के साथ खोला जायेगा। तथापि, यदि वे पहले प्रस्तुत निविदा में कोई भी परिवर्तन करना चाहते हों, तो वे फिर से नई निविदा भेज सकते हैं।

महानिदेशक, यूकॉस्ट को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

प्रभारी–प्रशासन

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

खुली निविदा संख्याः– 26642/07/2024–25/
दिनांक : 14 नवम्बर, 2024

# निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा *संलग्न ऐनेक्जर–क* में वर्णित विवरणानुसार होटल के कमरों की सेवाओं हेतु सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित होटल आदि की सेवायें उपलब्ध कराने वाली ऐजेन्सीज से दो बोली प्रणाली में (in two bid system) निम्नवर्णित नियमों और शर्तों (terms & condition) पर 02 वर्ष की अवधि हेतु, जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है, मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैंः–

1. निविदादाता प्रस्तावित होटल सेवायें उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत होने चाहिये। तकनीकी बोली (**Technical bid**) के साथ सम्बन्धित दस्तावेज की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न की जाये।

**2.** श्रेणी 5 Star, 4 Star and 3 Star वाले होटल का विगत 03 वित्त्तीय वर्षों 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24, के दौरान न्यूनतम औसत वार्षिक टर्न ओवर रू. 50,00,000 (रूपये पचास लाख मात्र) होना चाहिये। केवल सामान्य श्रेणी के कमरों के लिये दरें प्रस्तुत करने वाले होटलों का उक्त तीन वर्षों का औसत वार्षिक से कम टर्नओवर रू. 10,00,000 (रूपये दस लाख मात्र) से कम नहीं होना चाहिये। टर्न ओवर की चार्टर्ड अकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपियाँ निविदा के साथ संलग्न की जानी चाहियें।

**3.** निविदादाताओं के पिछले 03 वित्तीय वर्षों, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 की आयकर निर्धारण आदेशों/आयकर रिटर्न्स की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ निविदा के साथ संलग्न की जायें।

4. निविदादाता के पास सरकारी विभागों/निगमों/स्वायत्तषासी संस्थानों को प्रस्तावित होटल की सेवायें उपलब्ध कराने का अनुभव होना चाहिये। सम्बन्धित अनुभव प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि यां निविदा के साथ संलग्न की जायें।

5. निविदा के साथ रू. 20,000 (रूपये बीस हजार मात्र) की बयाना राशि (**Earnest Money Deposit**) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से महानिदेशक, यूकॉस्ट, देहरादून के नाम से बने अकाउन्ट पेई डिमाण्ड ड्राफ्ट या पे आर्डर के रूप में निविदा के साथ लगायी जाये। निविदा खुलने के बाद किसी भी शर्त का पालन न करने या अपनी निविदा का सम्मान न करने पर निविदादाता द्वारा जमा की गयी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी।

**6.** चुने गयी योग्यता प्राप्त तकनीकी निविदाओं में से प्रत्येक श्रेणी में न्यूनतम दरों पर विचार किया जायेगा। आवश्यकता एवं श्रेणी के अनुसार होटल की सेवायें ली जायेंगी।

7. सम्बन्धित सेवायें उपलब्ध कराने हेतु दस्तावेजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सफल निविदादाता की होगी।

8. नियम व शर्त (**term and condition**) संख्या '1' से '5' में वर्णित दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपियाँ तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जायें। ऐसा न करने पर तकनीकी बोली को अस्वीकृत कर दिया जायेगा। निविदा को एक सीलबन्द लिफाफे में रखा जाय जिस पर मोटे अक्षरों में ''होटल सुविधाओं हेतु दिनॉक 21 **नवम्बर**, 2024 को खोले जाने वाली तकनीकी बोली'' लिखा जाय।

9. निविदादाता द्वारा अपनी वाणिज्यिक बोली दरें संलग्न ऐनेक्जर–क पर दी जायें, जिस पर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर किये जायें और हस्ताक्षर के नीचे मोहर लगायी जाय। वाणिज्यिक बोली को अलग सीलबन्द लिफाफे में, जिसके ऊपर मोटे अक्षरों में ''होटल सुविधाओं हेतु वाणिज्यिक बोली'' लिखा हो, में रखा जाये।

10. तकनीकी बोली और वाणिज्यिक बोली के अलग–अलग लिफाफों को एक तीसरे सीलबन्द लिफाफे में, जिस पर मोटे अक्षरों में ''होटल सुविधाओं हेतु दिनॉक 21 **नवम्बर**, 2024 को खुलने वाली निविदा'' लिखा हो, दिनांक 21 नवम्बर, 2024 की प्रातः 11:00 बजे तक परिषद कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। प्राप्त निविदाओं को दिनॉक 21 नवम्बर, 2024 को ही अपराह्न में 03:00 बजे निविदादाताओं के उपस्थित प्रतिनिधियों के सामने खोला जायेगा।

11. देरी से प्राप्त या विलम्बित निविदाओं (**late or delayed tenders**) पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः निविदादाता अपनी निविदायें समय पर भेजना/पहुंचाना सुनिश्चित करें।

12. सफल निविदादाता को धरोहर राशि के रूप में रू. 40,000/–(रूपये चालीस हजार मात्र) की राशि महानिदेशक, यूकॉस्ट के नाम से न्यूनतम 01 वर्ष के लिये बनी सावधि जमा रसीद (**Term Deposit Receipt**) के रूप में जमा करनी होगी। सफल निविदादाता द्वारा जारी अनुबन्ध की किसी भी शर्त का पालन न करने पर महानिदेशक को अपने विवेक से जमा धरोहर राशि को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप में जब्त करने का अधिकार होगा।

13. महानिदेशक, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

संलग्नकः ऐनेक्जर–क

प्रभारी प्रशासन

ऐनेक्जर–क

## होटल की सेवाओं हेतु दरें

| क्र.स. | मद | इकाई | होटल मूल दर प्रति इकाई (रूपये में) | देय जी.एस.टी. (रूपये में) | जी.एस.टी. सहित दर प्रति इकाई (रूपये में) | | भोजन (लंच/डिनर) दर प्रति प्लेट | श्रेणी न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अकों में | शब्दों में | | |
| 1. | अति विशिष्ट अतिथियों हेतु बहुत अच्छी गुणवत्ता के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | लंच–<br>डिनर– | 5 Star |
| 2. | अति विशिष्ट अतिथियों हेतु बहुत अच्छी गुणवत्ता के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | लंच–<br>डिनर– | 4 Star |
| 3. | विशिष्ट अतिथियों हेतु बहुत अच्छी गुणवत्ता के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | लंच–<br>डिनर– | 3 Star |
| 4. | ए.सी. सुविधाओं सहित डबल बेड के सामान्य श्रेणी के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | लंच–<br>डिनर– | Normal |
| 5. | ए.सी. सुविधाओं सहित सिंगल बेड के सामान्य श्रेणी के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | लंच–<br>डिनर– | Normal |
| 6. | ए.सी. सुविधाओं सहित न्यूनतम चार अतिथियों के उपयोगार्थ डोरमिटरीज। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | लंच–<br>डिनर– | Normal |
| 7. | नॉन–एसी सुविधाओं सहित डबल बेड के सामान्य श्रेणी के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | लंच–<br>डिनर– | Normal |
| 8. | नॉन–एसी सुविधाओं सहित सिंगल बेड के सामान्य श्रेणी के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | लंच–<br>डिनर– | Normal |
| 9. | नॉन ए.सी. सुविधाओं सहित न्यूनतम चार अतिथियों के उपयोगार्थ डोरमिटरीज। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | लंच–<br>डिनर– | Normal |

ब्रेकफास्ट की दर कमरे की दर में शामिल होगी।

निविदादाता के हस्ताक्षरः–

मुहरः–